छात्राओं को स्मार्टफोन और टेबलेट किया वितरण

स्वतंत्रभारत संवाददाता, लखनऊ। नारीशिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्राओं को तकनीकी सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश शासन से स्वीकृत स्मार्टफोन,टेबलेट वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा द्वारा किया गया । मुख्य अतिथि नम्रता पाठक, समाजसेविका एवं पत्नी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा लाभार्थी छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरित किया गया । स्मार्टफोन एवं टैबलेट प्राप्त करके सभी बीए ,बी एससी , बी कॉम तथा एमए की छात्रायें प्रसन्नता व उत्साह से भर उठीं । नोडल अधिकारी डा. सुनीता कुमार ,डा. सीमा सिंह ,डा. अपर्णा सेंगर, डा. रजिया परवीन, डा. इंदु कनौजिया एवं डा. दिव्या पाल के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ विभा अग्निहोत्री ने दी।

अमर उजाला 5

टैबलेट, स्मार्टफोन

उप मुख्यमंत्री की पत्नी व विधायक ने भी किया वितरण

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी समाजसेविका नम्रता पाठक ने छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा, डॉ. सुनीता कुमार, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अपर्णा सेंगर उपस्थित थीं। जीसीआरजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बख्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ला ने कॉलेज के विद्यार्थियों को टैबलेट/स्मार्ट फोन का वितरण किया।

महावीर प्रसाद कॉलेज में भी हुआ वितरण

लखनऊ। महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी सोमवार को टैबलेट व स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि पार्षद रेखा सिंह, विशिष्ट अतिथि नागेंद्र सिंह, प्रबंधक एमएमपीएमएम अवधेश सिंह, निदेशक अमित कुमार, प्राचार्या वेनिका शर्मा ने पीजी स्टूडेंटस को टैबलेट व यूजी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए गए। 300 विद्यार्थियों को इसका वितरण किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

इन कॉलेजों और संस्थानों में भी हुआ आयोजन

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में महापौर संयुक्ता भाटिया ने टैबलेट वितरण किया। वहीं, आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एसपी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, एसआर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खुनखुनजी गर्ल्स पीजी कॉलेज, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज और बंथरा के जुनाबगंज कानपुर रोड स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में भी टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

वं
I.
I.
I,
त्र
ी

नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में छात्रा को स्मार्टफोन देती नम्रता पाठक • सौ. संस्थान